संख्या-6/2022/1333/तेइस-7-2021

प्रेषक,

अभय कुमार,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(व्यवस्थापन-ग वर्ग),
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ: दिनांक 31 जनवरी, 2022

विषय:- स्व0 श्री रामगुलाम गुप्ता, सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड-2 (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, उरई के स्वयं की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-2304व्यग/2व्यग(71)/2021, दिनांक 28-12-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक(चिकित्सा परिचर्या) नियमावली-2011, सहपठित प्रथम संशोधन नियमावली-2014 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत स्व0 श्री रामगुलाम गुप्ता, सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक, निर्माण खण्ड-2 (प्र0प0), लोक निर्माण विभाग, उरई के स्वयं का उपचार द गेस्ट्रो लीवर हास्पिटल, कानपुर में दिनांक 21-01-2021 से 09-02-2021 तक की अवधि में भर्ती रहकर हाइपोथायराइडिजम विद सीएलडी विद जीबी स्टोन एक्सप्लोरेटरी की करायी गयी चिकित्सा पर दावा की गयी व्यय धनराशि रू0 6,49,316/-(रूपये छः लाख उन्चास हजार तीन सौ सोलह मात्र) के सापेक्ष मुख्य चिकित्साधिकारी, जालौन(उरई) द्वारा संस्तुत धनराशि रू0 6,00,270/-(रूपये छः लाख दौ सौ सत्तर मात्र) की प्रतिपूति श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री राम गुलाम गुप्ता को किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है। प्रश्नगत धनराशि का भुगतान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त दावें से संबंधित बिलों का भुगतान पूर्व में नहीं किया गया है।

3- उक्त चिकित्सा प्रतिपूति पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-54 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2059-लोक निर्माण कार्य-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

आयोजनेत्तर-80-सामान्य-001-निर्देशन तथा प्रशासन-03-निदेशन-49-चिकित्सा व्यय " के मद के नामे डाला जायेगा।

4- उक्त चिकित्सा दावा/इलाज से संबंधित समस्त बिल बाउचर व अन्य संगत अभिलेख मूलरूप में संलग्नकर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
अभय कुमार
संयुक्त सचिव।

संख्या-6/2022/1333(1)/तेइस–7–2021-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी,बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- कोषाधिकारी, उरई(जालौन)।
4- मुख्य अभियन्ता(मु0-2), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- मुख्य अभियन्ता, झांसी क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, झांसी ।
6- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, उरई।
7- श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री रामगुलाम गुप्ता, मकान नं0-871 तुलसी नगर, उरई, जिला जालौन।
8- गार्ड पत्रावली हेतु।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।